an>

Title: Regarding implementation of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna.

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी) : महोदया, गांव के विकस और पिछड़ेपन को दूर करने के लिए माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने पीएमजीएसवाई की इस देश में शुरूआत की थी। पूर्ववर्ती सरकार इसकी गंभीरता को नहीं समझी और इस पर विशेÂष ध्यान नहीं दिया और लगातार इसके बजट में कटौती करती रही। वर्तमान के प्रधान मंत्री माननीय नरेंद्र भाई मोदी जी ने गांव के विकास के लिए इसके महत्व को समझते हुए लगातार इसके बजट में बढ़ोत्तरी की और पिछली सरकरों की तुलना में इस वÂर्ष 19 हज़ार करोड़ रूपये इस क्षेत्र में दिए हैं।

महोदया, मैं कौशांबी लोक सभा क्षेत्र से चुन कर आता हूँ, जिसमें कौशंबी और प्रतापगढ़ नाम के दो जिले आते हैं। पीएमजीएसवाई की गाइडलाइन में स्पÂट रूप से लिखा हुआ है कि पीएमजीएसवाई के अंतर्गत जो भी सड़कें बनेंगी उसका प्रस्ताव माननीय सांसदों द्वारा लिया जाएगा और समय-समय पर क्षेत्रीय सांसदों के साथ इसकी गुणवत्ता को देखने के लिए सर्वे किया जाएगा। लेकिन मैं बताना चाहता हूँ कि प्रतापगढ़ जनपद में पूरे पैसे की लूट मची हुई है। पीएमजीएसवाई सड़कों की न कोई जांच हो रही है न तो उस पर कोई काम हो रहा है। मैं आपके माध्यम से माननीय ग्रामीण विकास मंत्री से निवेदन करना चाहूंगा कि विशेÂाकर प्रतापगढ़ में जो पीएममजीएसवाई की सड़कें बन रही हैं, उसकी गुणवत्ता की जांच के लिए यहां से एक कमेटी भेज कर उनकी जांच करवाएं और दोÂषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने की कृपा करें।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री दद्दन मिश्रा, श्री मुकेश राजपूत को विनोद कुमार सोनकर द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।